**खबर संक्षेप**

### खाद्य सुरक्षा टीम ने तीन प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले में कार्यवाही का सिलसिला जारी है। इसी तारतम्य में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य तेल की जांच का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत मिलावटी खाद्य तेल की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए माधवनगर स्थित मीत मार्केटिंग एवं श्रीराम ट्रेडर्स तथा मोहित तेल भंडार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों से महाकेशव सोयाबीन तेल, महाकोष सोयाबीन तेल, सोनाली सरसों तेल, मल्टीसोर्स एडिशनल वेजिटेबल ऑयल, फॉर्च्यून सरसों तेल एवं सोयाबीन तेल के कुल 6 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजने की कार्यवाही की गई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उक्त फर्म में पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये।

### जलजीवन मिशन के कार्यों की विकास खण्डवार समीक्षा बैठक

**कटनी ।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशों के परिपालन मे जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करनें तथा योजनाओं के संचालन में आ रही परेशानियों को दूर करते हुए निर्धारित समयावधि में योजनओं को पूर्ण कराने हेतु ब्लाकवार समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की उपस्थिति में जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खंड कटनी द्वारा इस संबंध में जारी कैलेण्डर अनुसार विकासखंड बड़वारा में शुक्रवार को उक्त बैठक का आयोजन किया जाकर जल जीवन मिशन के तहत संचालित हो रहे कार्यो की समीक्षा की गई। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार विकासखंड विजयराघवगढ़ उक्त बैठक का आयोजन 21 मई, विकासखंड रीठी में 22 मई, विकासखंड कटनी में 28 मई, विकासखंड बहोरीबंद मे 29 मई तथा विकासखंड ढीमरखेड़ा में 31 मई को जल जीवन मिशन के तहत प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

### 31 मई तक होगी खरीदी

**कटनी।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 31 मई 2024 कर दी गई है, जो पूर्व में 20 मई तक निर्धारित थी।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के प्रतिभागियों को उपहार किया गया वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय दैनिक हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के विजेता प्रतिभागियों को उपहार वितरण किया जा रहा है। शुक्रवार को हरिभूमि जिला कार्यालय कटनी में लकी ड्रा विजेता के साथ सांत्वना पुरस्कार वितरित किये गये। हरिभूमि कटनी जिला कार्यालय के ब्यूरो चीफ कृपानंद तिवारी द्वारा लकी ड्रा विजेता मुन्ना लाल साहू को गैस चूल्हा पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा ओमप्रकाश चौदहा एवं सुनील कुमार साहू को सांत्वना पुरस्कार वितरित किये गये। योजना के कूपन जमा करने वाले ग्राहक कार्यालय पहुंचकर पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं।









### कलेक्टर की कार्यवाही से खनिजों का अवैध उत्खनन करने वालों में मचा हड़कंप

## मनमाने रेत उत्खनन पर बड़ी कार्यवाही, 31 करोड़ 94 लाख का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने उत्खनि पट्टा क्षेत्र हेतु स्वीकृत रकवा के अलावा इससे लगे रकवा क्षेत्र में अवैध और नियम विरुद्ध खनिज रेत का अवैध उत्खनन और निविदा शर्तो का उल्लंघन करने पर उपपट्टाधारी मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फाटेक इंडिया प्रा०लिमिटेड के विरुद्ध 31 करोड़ 94 लाख 40 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। जिसमें अवैध उत्खनित रेत मात्रा 26 हजार 400 घनमीटर की रायल्टी राशि 26 लाख 40 हजार रूपये का 60 गुना शास्ति के तौर पर 15 करोड़ 84 लाख रूपए और शास्ति के अतिरिक्त समतुल्य राशि पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में 15 करोड़ 84 लाख रूपये शामिल हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद ने संबंधित को यह राशि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद में जमा कराने का आदेश पारित किया है।

### ये हैं मामला

म०प्र० स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन लि० उप कार्यालय कटनी द्वारा कलेक्टर न्यायालय में 3 अप्रैल 2019 को दिए प्रतिवेदन में बताया गया कि ग्राम घुन्नौर तहसील विजयराघवगढ़ के खसरा नंबर 911 रकवा 30.30 हेक्टेयर में से 5 हेक्टेयर रकवा पर खनिज रेत हेतु उत्खनि पट्टा दि म०प्र० स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन लि० के पक्ष में स्वीकृत है, जिसका संचालन उप पट्टाधारी एवं बोलीकर्ता मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फाटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण दल ने जांच के दौरान खनिज रेत से लोड जिन 8 वाहनों की जांच की उनमे किसी के भी पास वैध परिवहन हेतु जरूरी कोई भी दस्तावेज ई.टी.पी या अभिवहन पास नहीं निकला। साथ ही मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फाटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा उत्खनित पट्टा क्षेत्र 5 हेक्टेयर रकवा के दक्षिण दिशा में 24 हजार 600 घनमीटर अवैध रेत का उत्खनन पाया गया।

### नियमों एवं शर्तों का उल्लंघन

खनिज विभाग एवं राजस्व अमले द्वारा तहसील विजयराघवगढ अंतर्गत ग्राम घुन्नौर नदी पर क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के संबंध में दिए गए प्रतिवेदन के अनुसार मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा खनिपट्टा हेतु स्वीकृत क्षेत्र के दक्षिण दिशा मे करीब 420 मीटर दूरी पर 24 हजार 600 घनमीटर रेत का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया। जिसमे लगभग 22 जरीब लंबाई 400, मीटर औसत चौडाई 3 जरीब लगभग 60 मीटर एवं औसत गहराई करीब 1 मीटर में खनन कर अवैध रेत निकाला जाना पाया गया। निकाली गई अवैध रेत की कुल मात्रा लगभग 26 हजार 400 घनमीटर पाई गई है। इसके आधार पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा उप पट्टाधारी एवं बोलीकर्ता मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा 26 हजार 400 घनमीटर खनिज रेत का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया है। जो कि उप पट्टाधारी व बोलीकर्ता मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा खनिज रेत की विस्तृत ई-नीलामी सूचना में उल्लेखित आवश्यक शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है।

मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कारपोरेशन लिमिटेड ने कलेक्टर न्यायालय को बताया कि फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निविदा शर्तो क्रमांक 2.7,2.9, 2.11,और 2.12 का उल्लंघन किया गया है। निविदा शर्त की कंडिका 2.11 के अनुसार संबंधित को अवैध उत्खनन की सूचना भी देनी थी, जो नहीं किया गया।

### कलेक्टर ने ये दिया आदेश

कलेक्टर न्यायालय में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा खनिज शाखा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन और संयुक्त जांच दल के प्रतिवेदन एवं अनावेदक के जवाब तथा प्रकरण में संलग्न समस्त दस्तोवजों का सूक्ष्म परिशीलन किया गया। इसके बाद कलेक्टर श्री प्रसाद ने अनावेदक अवैध उत्खननकर्ता फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंण्डिया प्रा० लिमि० के विरूद्ध कुल 31 करोड़ 94 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। जिसमें अवैध उत्खनित रेत मात्रा 26 हजार 400 घनमीटर की रायल्टी राशि के रूप में 26 लाख 40 हजार रूपये का 60 गुना 15 करोड़ 84 लाख रूपये की शास्ति, और शास्ति के अलावा समतुल्य राशि पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में 15 करोड़ 84 लाख रूपये की राशि शामिल हैं। उप पट्टाधारी व बोलीकर्ता मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्रा०लि० को यह राशि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद में जमा करने का आदेश कलेक्टर न्यायालय द्वारा दिया गया है।



## खेत बनवाने के चक्कर में सड़क ही खोद डाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 हीरापुर में एक किसान अपनी जमीन बनवाने के चक्कर में हीरापुर से कनौर पहुंच मार्ग जो P.W.D. रोड बनी हुई थी उसे खुदवा दी गई है। सड़क की पटरी इतनी गहरी खड़ी बनवाई गई है कि सड़क से निकलने वाले लोग रोजाना हादसे का शिकार हो रहे हैं।

वार्ड नंबर 15 के पार्षद इकबाल पवार ने आरोप लगाते हुए नगर परिषद में न्याय की दरख्वास्त लगाई है जिससे मुख्य नगर परिषद अधिकारी तुरंत संज्ञान में लेते हुए शिवकुमार गुप्ता के नाम नोटिस भी तामील की गई है जिसने मार्ग को दुर्दशाग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग अधिक व्यस्त है जिससे रोजाना बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है।

### आये दिन हादसे का शिकार हो रहे लोग

दूसरी ओर शिवकुमार गुप्ता का कहना है कि आधी सड़क मेरे खेत में आ रही है अभी तो थोड़ा ही खुदवाया हूं। सीमांकन होगा तो पूरी सड़क मेरे में आ जाएगी। बहरहाल मामला जो भी हो। सड़क की हालत खराब होने से वाहन चालकों एवं नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में तहसीलदार बरही नितिन पटैल ने बताया कि सड़क खुदवाई का मामला संज्ञान में आया है मेंरी S.D.M. सर से बात हुई है सोमवार को नाप करवाते हैं

## रेत का अवैध परिवहन करने के दो प्रकरण पर वसूला गया 63 हजार रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप गत दिनों रेत के अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए दो वाहनों से 63 हजार 250 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया जाकर वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि विगत 1 मई को विगजयराघवगढ़ नदीपार के पास आकस्मिक जांच के दौरान ट्रेक्टर वाहन ट्राली वाहन क्रमांक एमपी 54 एए 2085 द्वारा अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, नेबे लाल कोल पिता रामकरण कोल वाहन मालिक अभिषेक कुमार परौहा पिता मुनीम कुमार परौहा निवासी पडरिया हंतला तहसील विजयराघवगढ़ द्वारा 3 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया।

जबकि एक अन्य मामले में विगत 10 मई को जाजागढ़ बिचपुरा में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ट्रेक्टर वाहन ट्राली वाहन क्रमांक एमपी 54 जेडए 2329 द्वारा अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मलिक अखिलेष परौहा पिता कामता प्रसाद परौहा निवासी चपहनी बड़वारा द्वारा 3 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया।

उक्त दोनों प्रकरणों में खनिज विभाग द्वारा वाहन जप्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर दोनों अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31625 - 31625 कुल 63 हजार 250 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

सूचना पत्र के जवाब में दोनों अनावेदक द्वारा निर्धारित प्रशमन शुल्क को जमा करने की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोध किया गया। जिला खनिज अधिकारी द्वारा दोनों अनावेदकों पर पृथक -पृथक निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 63 हजार 250 रुपये जमा कराया जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के तहत अनावेदक द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा कर दिये जाने पर जप्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करने के प्रावधान के तहत जब्त ट्रैक्टर ट्राली वाहनों को मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

**स्लीमनाबाद एवं कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए हादसे**

## अलग अलग सड़क हादसों में दो युवकों की थम गई सांसें, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद एवं कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। दोनो ही हादसों में पुलिस ने कागजी कार्यवाही कर मामले को जांच में लिया है।

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के बाईपास के पास शुक्रवार को बाइक सवार दो युवकों को एक कार ने टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर है। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कार सवार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### करची लेने गए थे युवक

पुलिस ने बताया कि उमरियापान निवासी मनोज सोनी (42) और नंदकिशोर चौरसिया (45) पान बरेजा के उपयोग में आने वाली करची लेने के लिए उमरियापान से भेड़ा गांव की ओर बाइक से जा रह थे। इसी दौरान बाइपास के पास





एक कार बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में नंदकिशोर चौरसिया की मौके पर मौत हो गई जबकि मनोज सोनी को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कर लिया है। कार चालक हादसे के बाद फरार हो गया है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

### अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बड़ी रोड गुरुद्वारे के समीप एक अज्ञात कार चालक ने राजीव गांधी निवासी युवक को रौंद डाला। अचेत अवस्था में जब युवक को शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया तो वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजीव गांधी वार्ड निवासी 35 वर्षीय दीपक केसरवानी पिता कामता प्रसाद केसरवानी 16 मई की शाम लगभग 5 बजे बरही रोड स्थित गुरुद्वारे के सामने से गुजर रहा था इसी दौरान एक अज्ञात कार सवार ने युवक को रौंद डाला। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए उसे शासकीय जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के उपरांत से मृत घोषित कर दिया। कार चालक घटना के बाद फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने मार्ग कायम करते हुए घटना की अग्रिम जांच प्रारंभ कर दी है।

### कलेक्टर के निर्देश पर सीमांकन मामलों के निराकरण में आई तेजी

## अब तक कुल 12 सौ से अधिक सीमांकन प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान में तेजी आई है। मैदानी राजस्व अमला और राजस्व अधिकारियों की सकारात्मक सोच और किसानों की मदद के भाव से किये गए प्रयासों की वजह से अभियान के दौरान जिले में अब तक 1 हजार 237 सीमांकन प्रकरण निपटाये जा चुके है। लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्य में दिन-व-दिन तेजी आ रही है। सीमांकन मे बेहतर कार्य के लिए कलेक्टर ने शुक्रवार को दो पटवारियों और एक राजस्व निरीक्षक को उनके द्वारा किये गए सीमांकन के मामले में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों को आर.सी.एम.एस. पोर्टल पर लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज लंबित सीमांकन प्रकरणों को समय-सीमा में प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गये थे। साथ ही



उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि वर्तमान में खेतों से फसल की कटाई हो जाने से खेत खाली है। जिससे सुविधाजनक ढंग से सीमांकन कार्य किया जा सकता है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में हुई कारगर पहल की वजह से इसके निराकरण में तेजी आई है।

### ढ़ीमरखेड़ा तहसील अव्वल

कलेक्टर के निर्देश के बाद सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की तहसीलों में ढ़ीमरखेड़ा तहसील 219 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर अव्वल स्थान पर है। जबकि कटनी नगर 150 मामलों के निपटारे के साथ दूसरे स्थान पर है और बरही तहसील ने 133 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा कर तीसरे पायदान पर है। इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील द्वारा चौथे स्थान में रहकर 128 सीमांकन प्रकरण निपटाये गये। वहीं पर विजयराघवगढ़ तहसील सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले में पांचवे स्थान पर है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक कुल 127 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

जिले की बड़वारा तहसील 124 सीमांकन प्रकरण निपटाकर छठे, रीठी तहसील 122 सीमांकन प्रकरण निराकृत कर सातवें पायदान पर और कटनी तहसील 118 सीमांकन प्रकरण के निपटारे के साथ आठवें और बहोरीबंद तहसील 116 प्रकरणों के निपटारे के साथ अंतिम पायदान पर है। कलेक्टर श्री प्रसाद और अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की प्रतिदिन समीक्षा की जाकर राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे है। सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में आई तेजी की वजह से बड़ी संख्या में किसान भाइयों से सीमांकन के आवेदन प्राप्त हो रहे है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने शुक्रवार को सीमांकन के उत्कृष्ट कार्य संपादन पर राजस्व निरीक्षक सहित दो पटवारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। इनमें बरही के राजस्व निरीक्षक गौरव विश्वकर्मा ने 40 सीमांकन प्रकरण और रीठी तहसील के पिपरिया परौहा, डुडरी पटवारी हल्का के पटवारी संजीत धुर्वे ने 26 सीमांकन और झिन्ना रामपुर के पटवारी दानसिंह प्रधान ने 31 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया है।

कलेक्टर के निर्देश पर संचालित विशेष अभियान के तहत निराकृत सीमांकन प्रकरणों के प्रति किसानों का भरोसा बढ़ा है।

## किसान अब अपनी पसंद की तारीख और खरीदी केन्द्र में बेंच सकेंगे उपज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उपार्जन केन्द्रों में पहुंच कर अपनी उपज बेंचने का इंतजार करना किसानों के लिए अब बीते दिनों की बात हो गई। जिले के किसान भाईयों को अपनी उपज की बिक्री करने के लिए अपनी पसंद की तारीख, उपार्जन केन्द्र और स्लाट बुक करने की सुविधा प्राप्त है। इसके लिए ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किसान अब स्वयं अपनी उपज बेंचने के लिए दिन, तिथि , उपार्जन केन्द्र और स्लाट का चयन खुद कर ,उस दिन पहुंच कर आसानी से अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकेंगे।

ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत कृषक द्वारा स्वंय के मोबाईल, एम.पी. ऑनलाईन, सी.एस.सी, लोक सेवा केन्द्र, इन्टरनेट कैफे, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकती है। स्लॉट बुकिंग हेतु कृषक के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल पर ओ.टी.पी प्रेषित की जाती है, जिसे पोर्टल पर दर्ज कराना होता है। किसान की सुविधा के मद्देनजर लागू इस व्यवस्था का लाभ लेकर जागरूक किसान भाई अपने द्वारा चयनित दिन और उपार्जन केन्द्र में पहुंच कर अपनी उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय कर रहे हैं।

किसानों की सहूलियत के नजरिए से कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु सात केन्द्र स्थापित किये गये है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि ई-उपार्जन पोर्टल पर चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिये पंजीकृत कृषको को अब अपनी उपज विक्रय हेतु एस.एम.एस प्राप्त होने का इंतजार नहीं करना होगा । कृषक उपज तैयार होने पर विक्रय हेतु उपार्जन केन्द्र एवं उपज विक्रय की तिथि, स्लॉट का चयन स्वयं ई-उपार्जन पोर्टल पर कर सकते है। अपनी उपज विक्रय हेतु कृषक द्वारा बुक किये गये स्लॉट की जानकारी एस.एम.एस के माध्यम से कृषकों को मोबाईल पर प्राप्त होती है।

ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत कृषक द्वारा स्वंय के मोबाईल, एम.पी. ऑनलाईन, सी.एस.सी, लोक सेवा केन्द्र, इन्टरनेट कैफे, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकती है। स्लॉट बुकिंग हेतु कृषक के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल पर ओ.टी.पी प्रेषित की जाती है, जिसे पोर्टल पर दर्ज कराना होता है।

कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्यदिवस होगी।

## खबर संक्षेप



### साइबर अपराधों से बचने लोगों को दी जानकारी

**कटनी।** शुक्रवार दोपहर कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने ग्राम कैलवारा में जनसंवाद के माध्यम से लोगों को साइबर अपराध को लेकर सचेत किया। थाना प्रभारी ने कहा कि अपने मोबाइल नंबर पर आने वाली ओटीपी किसी को नहीं बताएं। अनजान मोबाइल नंबर से आने वाले काल को रिसिव मत करें।ज्यादातर घटनाओं में लोग नासमझी के कारण साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं।लोगों को इस तरह की घटनाओं से बचने का प्रयास करना चाहिए जनसंवाद स्थल पर बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा सहित स्टाफ उपस्थित रहा। कोतवाली प्रभारी शर्मा ने लोगों को बताया कि साइबर अपराधों की घटनाएं वर्तमान समय में लगातार बढ़ रही हैं। लोग कई बार गलती करते हुए अपना नुकसान करा लेते हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने जिले के समस्त थानाप्रभारियों को निर्देशित किया है कि शहर हो या गांव हर जगह साइबर अपराध की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाकर जनता के बीच जनसंवाद कायम किया जाये एवं आमजनों की छोटी छोटी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाये।

### जिपं सदस्य पति द्वारा परेशान करने किसान ने की शिकायत

**ढीमरखेड़ा।** सिलौंडी क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य कविता राय के पति पंकज राय पर किसान और उसके परिवार के लोगों को परेशान किये जाने का मामला सामने आया है। किसान का आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। इसके अलावा आगजनी के झूठे प्रकरण में फंसाया गया। किसान ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम,नायब तहसीलदार,थाना प्रभारी और बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। नेगई के किसान रामलाल काछी ने शिकायत पर बताया कि बीते 2 सालों से पंकज राय के द्वारा परेशान किया जाता है। साल 2023 में किसान की कृषि भूमि में लगी बाड़ी उखाड़कर आग लगा दी गई और जबरन जेसीबी चलाकर रोड़ बनाने का प्रयास किया गया। किसान ने बताया कि उसके खेतों के सामने शासकीय भूमि पड़ी है। जिससे कि किसान लोग आवागमन करते है। कृषि कार्य हेतु वाहनों का आवागमन होता है। जिला पंचायत सदस्य पति द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा करने के चक्कर में परेशान किया जाता है। किसान ने बताया कि आगजनी की झूठी शिकायत भी उसके द्वारा दर्ज कराई गई। किसान ने बताया कि फसलों की सिंचाई के लिए बिजली विभाग से लिया गया स्थायी कनेक्शन भी राय के द्वारा अलग करा दिया गया है। जिससे खेतों में लगी फसलें सूख रही है। राजनैतिक प्रभाव के चलते जिला सदस्य के पति ने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर अनैतिक रूप से विधुत कनेक्शन का उपयोग किया जा रहा है। पंकज राय ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

### जिले की मातृ मृत्यु दर में कमी लाने जिला प्रशासन का प्रयास

# हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के बर्थ वेटिंग रूम में रोज पहुंचेंगे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर जिले में मातृ मृत्यु दर को कम करने के प्रति कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने कार्ययोजना आधारित रणनीति बनाकर ठोस और गंभीर प्रयास की पहल की है। इसके तहत हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु प्रसव की संभावित तिथि के 4से 7दिन पूर्व ही जिला चिकित्सालय और सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में बनाये गये अत्याधुनिक बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कर उपचार किया जायेगा और जरूरत के अनुसार प्रसूता को खून भी चढ़ाया जायेगा।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला चिकित्सालय में बने 10 बिस्तरीय बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती होने वाली उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु किये जाने वाले उपचार और व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अब वे स्वयं हर दिन जिला चिकित्सालय जायेंगे और हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के बर्थ वेटिंग रूम पहुंचेंगे।



कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के बर्थ वेटिंग रूम मे उपचाररत 4 प्रसूताओं से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को बताया गया कि यहां भर्ती दो एनेमिक गर्भवती महिलाओं को खून चढ़ाया गया है। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, सीएमएचओ, और सिविल सर्जन सहित सभी वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों से मातृमृत्यु दर में कमी लाने के लिए सुझाव मांगा। चिकित्सकों से प्राप्त अच्छे सुझावों की कलेक्टर ने सराहना की और इन पर त्वरित अमल के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के परिवारजनों से अपील की है कि डॉक्टर्स और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में चिन्हित अपने परिवार की हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञों की परामर्श के अनुसार अस्पताल में भर्ती कराने में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन के लिए जच्चा और बच्चा दोनों की जिंदगी अमूल्य है। इसलिए डॉक्टर्स की सलाह माने और अमल करें, इससे हाई रिस्क मामलों में बेहतर इलाज से जिंदगी बचाई जा सकती है। इसलिए जिंदगी बचाने के नेक अभियान में सहभागी बने।

#### बढ़ायें स्वास्थ्य शिविरों की संख्या

कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर माह की 9 एवं 25 तारीख को विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों की संख्या बढायें। यहां चिन्हित होने वाली हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु एएनएम की देखभाल में आशा कार्यकर्ता के साथ 108 एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय या सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराये।

#### विशेषज्ञ चिकित्सक करें देखरेख

विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ मोहंती ने बताया कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को केवल उपचार मिलने से ही वे शत- प्रतिशत जोखिम मुक्त नहीं हो जाती। बल्कि कई कॉम्प्लीकेशन्स आते है जिससे प्रसूता की जान तक जा सकती है। इसलिए संस्थागत प्रसव करायें उन्होंने बताया कि हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं में खून की कमी, प्रसव के पुराने सिजेरियन ऑपरेशन, गर्भवती महिला का कम हाइट का होना, पीलियाग्रस्त होना, उच्च रक्तचाप की समस्या होना मुख्य है जिसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख जरूरी है।



## कुम्हरवारा में 13 दिनी कृषि उद्यमी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित विकास खंड रीठी के ग्राम पंचायत भवन कुम्हरवारा में ग्राम कुम्हरवारा एवं घुड़हरी के प्रोजेक्ट उन्नति एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 30 महिला एवं पुरुषों को 13 दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी के संचालक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान मिट्टी के प्रकार पौधों के लिए आवश्यक 17 पोषक तत्वों की जानकारी तथा पौधों के लिए उनका उपयोग मिट्टी परीक्षण के अंतर्गत मिट्टी नमूना लेने की विधि मिट्टी परिणाम पत्र के आधार पर की गई सिफारिश के अनुसार खाद के उपयोग की जानकारी दी गई। मिट्टी परीक्षण से नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, विद्युत चालकता तथा पीएच मान से अम्लीयता, छारीयता की जानकारी प्राप्त होती है।

प्रशिक्षणार्थियों को पौधों में लगने वाले कीट एवं रोगों की जानकारी तथा उनका जैविक नियंत्रण की तकनीकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान गोबर, गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र, नीम पत्ती, पांचपत्ती काढ़ा, नीमस्त्र, ब्रह्मास्त्र, आग्नेयास्त्र को बनाने तथा फसलों में उपयोग करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में ग्राम सरपंच वंदना सिंह सोलंकी सचिव विनोद चक्रवर्ती रोजगार सहायक संजय तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### जवाब मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी प्रस्तावित

## बालिका से दुष्कर्म के प्रयास मामले में महिला थाना प्रभारी से जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र में एक बालिका से दुष्कर्म का प्रयास किए जाने के मामले में स्वजनों, स्थानीयजनों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। जिसमें महिला थाना प्रभारी पर उन्होंने मामला दर्ज करने में लापरवाही करने और पीड़ितों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया था।

#### एएसपी कर रहे थे जांच

परिजनों एवं क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया को मामले की जांच सौंपी थी, जिसमें एएसपी ने पीड़ित पक्ष के साथ ही घटना दिनांक को थाने में मौजूद अधिकारी, कर्मचारियों के भी बयान दर्ज किए थे। महिला थाना प्रभारी मधु पटेल को भी नोटिस देकर जवाब तलब किया गया था। बयान दर्ज कराने के साथ ही थाना प्रभारी के नोटिस के जवाब के बाद एएसपी ने जांच प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक को सौंप दिया था। मामले में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने महिला थाना प्रभारी को नोटिस देकर जवाब मांगा है।

#### ये था मामला

गौरतलब है कि 28 अप्रैल को एनकेजे थाना में घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही एक आठ वर्षीय बालिका को एक प्रौढ़ अपने घर के अंदर ले गया था। बच्चों ने स्वजनों को जानकारी दी और बालिका की मां पीछे-पीछे उसके घर में पहुंच गई। मां को देखकर आरोपित मौके से भाग गया था। मामले में स्वजन बच्ची को लेकर एनकेजे थाना पहुंचे थे, जहां पर महिला अधिकारी न होने की बात कहते हुए उनको महिला थाना भेजा गया था।

#### लगाये गए थे आरोप

महिला थाना प्रभारी पर पीड़ित से ही अपराधी जैसा व्यवहार करने व पुलिस अधीक्षक को सूचना देने के बाद मामला दर्ज किया गया था। दो दिन बाद स्वजन स्थानीय जनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे थे और एसपी से महिला थाना प्रभारी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि दूसरे दिन न्यायालय में थाना प्रभारी के कारण बालिका के बयान भी दर्ज नहीं हो पाए और उनको जबरन परेशान किया गया, जिसके बाद एएसपी को जांच सौंपी गई थी।

इस संबंध में एसपी अभिजीत रंजन ने बताया कि मामले में एएसपी को जांच सौंपी गई थी। उन्होंने पूरी जांच करने के बाद जांच प्रतिवेदन दिया है। जांच में आए तथ्यों के आधार पर महिला थाना प्रभारी को नोटिस देकर जवाब तलब किया गया है। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## बाल व्यक्तित्व शिविर का किया गया शुभारंभ



वर्तमान समय में बच्चों को स्कूली शिक्षा के अतिरिक्त कुछ सीखा पाना कठिन हो गया है । कार्य की व्यस्तता के चलते माता-पिता भी समय नहीं दे पा रहे हैं ऐसे में बच्चे मोबाइल गेम आदि में ही अपना ग्रीष्मकालीन अवकाश बिता रहे हैं । जिसके दुष्परिणाम सामने आते रहते हैं । इसी बात को ध्यान रखते हुए सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में बच्चों के नैतिक और सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए 17 मई से 30 मई तक शाम 5 बजे से शाम 7 :00 बजे तक निशुल्क ग्रीष्मकालीन बाल व्यक्तित्व शिविर का शुभारंभ बच्चों के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । शिविर में नृत्य कला चित्रकला अंग्रेजी स्पोकन गीत योगा मेडिटेशन नैतिक मूल्यों की शिक्षा आदि का प्रशिक्षण पुणे से पधारे सुनील भाई जबलपुर के विनोद भाई और वैष्णवी बहन द्वारा दिया जाएगा । मंजू शर्मा , बीके दुर्गा बहन , सविता बहन ' शानू , संध्या , संजना सहित बच्चों की उपस्थिति रही ।

## कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर चाक- चौबंद निगरानी के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद शुक्रवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुँचे। यहां उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार चॉक- चौबंद व्यवस्थाएं देखी। साथ ही उन्होंने यहां सुरक्षा गार्ड से दो चक्र में लगी सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा सीसीटीवी कैमरों से हो रही लगातार निगरानी के वीडियो फुटेज का जायजा लिया और सुरक्षा बलों को मुस्तैद रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र शहडोल अंतर्गत आनें वाली बड़वारा विधानसभा एवं संसदीय क्षेत्र खजुराहों के अंतर्गत आने वाली विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रो में मतदान पश्चात कृषि उपज मंडी पहरुआ कटनी में ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी को विधानसभावार बने स्ट्रांग रूम में रखा गया है। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की शिफ्टवार डयूटी लगाई गई है। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद भी इस दौरान रोजाना स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक- चौबंद रखने के निर्देश दिए जा रहे है। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतते हुए जिला प्रशासन ने अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के नजरिए से स्ट्रांग रूम का 24 ग 7 निरीक्षण करने सुरक्षा घेरा के बाहर पंडाल डालकर एल.ई.डी स्क्रीन मे सुगमता और सहजता से पूरा दृश्य देखने की बेहतरीन व्यवस्था की गई है।



### बस में अकेली यात्रा कर रही थी महिला, बच्ची को दिया जन्म

## प्रसव पीड़ा होने पर डॉक्टर ने महिला यात्री का बस में कराया सुरक्षित प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के मामलों को लेकर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा स्वास्थ्य विभाग को लगातार निर्देश देते हुए विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशों का असर उस समय देखने को मिला जब कटनी से बहोरीबंद की यात्रा कर रही एक अकेली महिला को स्लीमनाबाद के समीप पहुंचने पर अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी।

इस बात की जानकारी जैसे ही स्लीमनाबाद स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ डॉक्टर शिवम दुबे को लगी, वे तत्काल स्टाफ को लेकर बस के करीब जा पहुंचे और बस में ही बिना समय गवाएं महिला का सुरक्षित प्रसव करवाया। महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। चुंकी महिला बस में अकेली सफर कर रही थी। उसके साथ परिवार के कोई सदस्य नहीं थे। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने ही परिजनों की सारी जिम्मेदारी निभाते हुए न केवल महिला का प्रसव कराया बल्कि उसके भोजन पानी की व्यवस्था करते हुए तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया।



#### डाक्टर को दी सूचना

जानकारी देते हुए स्लीमनाबाद के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शिवम दुबे ने बताया कि बहोरीबंद के ग्राम सिमरापटी की रहने वाली 36 वर्षीय सुमन पति कंछेदी गोंड 16 मई की दोपहर लगभग 2:30 बजे कटनी से बस द्वारा बहोरीबंद जा रही थी। ग्राम तेवरी के समीप जब बस पहुंची तो सुमन को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। बस में मौजूद लोगों ने इस बात की सूचना डॉक्टर शिवम दुबे को प्रदान की।

सूचना मिलते ही तत्काल डीआर शिवम दुबे अपने स्टाफ को लेकर वहां पहुंच गए। बस को किनारे सुरक्षित खड़ा करते हुए डॉक्टर शिवम दुबे ने स्टाफ के साथ मिलकर महिला का सुरक्षित बस में ही प्रसव कराया। सुमन ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बस में मौजूद यात्रियों ने स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास को देखकर हृदय से सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### मुहास स्थित हनुमान मंदिर की दानपेटी में निकले 34 लाख 54 हजार

## आधा सैकड़ा कर्मचारियों ने 11 घंटों में गिने चिल्लर एवं 10 के नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी तहसील पहुंच मार्ग में ग्राम मुहास स्थित टूटी हड्डियों को जोड़ने के लिए प्रसिद्ध हनुमान मंदिर की दान पेटी के खजाने को जिला प्रशासन द्वारा साढ़े 5 साल के बाद खोला गया। मंदिर के खजाने से इतने सिक्के और नोट निकले कि आधा सैकड़ा कर्मचारियों को नोटों और सिक्कों की गिनती करने में 11 घंटे लग गए। खजाने से निकली राशि की गिनती गत दिवस जिला कलेक्टर अवि प्रसाद के देखरेख में कटनी एसडीएम प्रदीप मिश्रा के द्वारा करवाई गई। नोट की गिनती करने के लिए जहां जिला प्रशासन के कर्मचारी तैनात रहे वहीं सिक्कों की गिनती करने के लिए वानर सेना रूपी बच्चों को भी इस काम में लगाया गया। बताया जाता है कि लगभग 25 बच्चों ने सिक्के के पहाड़ की गिनती की। यहां पर दर्शन करने आए दर्शनार्थियों ने भी एसडीएम के आग्रह पर नोटों की गिनती करने में श्रमदान दिया।

मोहस मंदिर के खजाने की गिनती के संबंध में जानकारी देते हुए कटनी एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि न्यायालय में प्रकरण होने के कारण पिछले साढ़े 5 सालों से मोहास मंदिर के खजाने को खोला नहीं गया था। विगत दिनों कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में एक टीम बनाकर मुहास मंदिर के खजाने को खोलकर गिनती शुरू कराई गई। खजाने की गिनती के लिए बनाई गई टीम में कटनी एसडीएम के अलावा रीठी जनपद सीईओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के अलावा 20 पटवारी, 20 सचिव, चार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सिक्कों की गिनती करने के लिए 25 स्थानीय बच्चों का भी सहयोग लिया गया। एसडीएम श्री मिश्रा ने कहा कि छोटे नोट इतने अधिक मात्रा में खजाने से निकले कि उन्हें गिनने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बाद में मंदिर में दर्शन करने आने वाले लोगों से सहयोग लेकर नोटों की गिनती पूरी की गई। कटनी एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि 11 घंटे की गिनती के बाद मोहस मंदिर के खजाने से कुल 34 लाख 54 हजार 240 रुपए निकले। सबसे ज्यादा गिनती में परेशानी सिक्कों के कारण हुई। खजाने से 5 लाख 69 हजार के सिक्के निकले, जिन्हें बच्चों की मदद से प्रशासन के अधिकारियों द्वारा गिना जा सका। इतना ही नहीं खजाने से 20 लख रुपए के 10 के नोट निकले जिन्हें गिनने में टीम के पसीने छूट गए।



मंदिर से प्राप्त हुए खजाने की राशि को मंदिर के विकास कार्यों में खर्च किया जाना है इसके लिए कलेक्टर अवि प्रसाद के देखरेख में पूरी रूपरेखा तैयार की जा रही है। एसडीएम श्री मिश्रा ने कहा कि कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देशानुसार मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को देखते हुए मंदिर में विकास कार्य कराए जाने हैं जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। बातों ही बातों में उन्होंने कहा कि अब मंदिर के खजाने को हर महीने खोला जाएगा और मिलने वाली रकम से मंदिर के विकास कार्य कराए जाएंगे।

## शासकीय आई.टी.आई में विभिन्न ट्रेड में प्रवेश शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कटनी में संचालित पाठयक्रम कारपेंटर, डेªस मेकिंग, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक, कोपा, स्टेनो हिन्दी, वेल्डर फिटर आदि ट्रेड हेतु प्रवेश प्रारंभ है। कारपेंटर हेतु 24 सीटों तथा ड्रेस मेकिंग की 20 सीट के लिए न्यूनतम योग्यता 8वीं या 10वीं पास होना अनिवार्य है। इसी प्रकार इलेक्ट्रिशियन की 20 सीट हेतु मैकेनिक मोटर व्हीकल की 24 सीट, डीजल मैकेनिक की 48 सीट, कोपा की 48 सीट, स्टेनो हिन्दी की 48 सीट, वेल्डर की 40 सीट तथा फिटर की 20 सीट हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित है।

प्रवेश हेतु निर्धारित आवश्यक दस्तावेजों के तहत 10वीं की अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण पत्र, डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आई.डी, पासपोर्ट फोटो -2 मूल टी.सी, विकलांग प्रमाण पत्र यदि लागू हो तो, इसक अतिरिक्त आवेदक का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी, प्रशिक्षण अवधि तक एक ही मोबाईल नंबर चालू रखना अनिवार्य है। प्राईवेट आई.टी आई में प्रवेश लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपने दस्तावेजों का सत्यापन किसी भी शासकीय आई.टी आई में करा सकते है इस हेतु मूल दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

पंजीयन एवं च्वाईस फिलिंग हेतु वेबसाइट www.dsd.mp.gov.in पर का अवलोकन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय

### बुद्ध जयंती पर मांस-मछली बिक्री प्रतिबंधित

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार 23 मई को बुद्ध जयंती होने के अवसर पर समस्त मांसाहारी पदार्थ मुर्गी मछली आदि का क्रय विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा । दुकानदारों को सूचित किया है कि बुद्ध जयंती पर गुरूवार को उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमती रेवती राज भानोट धर्मपत्नी श्री महेन्द्र भानोट, निवासी रबर फैक्ट्री रोड, राजीव गांधी वार्ड, कटनी, तहसील व जिला कटनी (म. प्र.) द्वारा सत्यापित किया जाता है कि मेरा नाम विवाह पूर्व कु. रूचि शर्मा आत्मज श्री मदनलाल शर्मा था जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में अंकित है। किन्हीं कारणोंवश मैंने अपना नाम बदलकर कु. रेवती राज शर्मा आत्मजा श्री मदनलाल शर्मा करा लिया था। मेरा विवाह महेन्द्र भानोट आत्मज मनोहर लाल भानोट से हिन्दू रीति रिवाजों के अनुसार किया गया था। समाज में अब मुझे रेवती राज भानोट के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है।

अतः विवाह पूर्व कु. रूचि शर्मा तथा रेवती राज शर्मा एवं विवाह पश्चात रेवती राज भानोट तीनों नाम एक ही महिला का है तथा आज दिनांक के बाद से मुझे रेवती राज भानोट के ही नाम से ही पहचाना जाये।

## खबर संक्षेप

### एनसीएल का मेगा आरोहण समर कैंप 2024 आज से शुरू

**सिंगरौली।** भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा "आरोहण समर कैंप" के पांचवें संस्करण का आगाज आज से हो रहा है। एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष स्थानीय क्षेत्र के 6-18 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर "आरोहण" का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह प्रशिक्षण शिविर 18 मई से 16 जून, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। एक माह की अवधि तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान योग्य प्रशिक्षकों के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को विभिन्न खेलों जैसे बैडमिंटन, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, फुटबाल, क्रिकेट, नृत्य, संगीत (गायन एवं वादन), पेंटिंग, लॉनटेनिस, बास्केटबॉल, जूडो, कराटे स्विमिंग, बॉक्सिंग, स्केटिंग व अन्य विधाओं में पारंगत किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन शिविर "आरोहण" का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल कूद भावना जागृत करना एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित करना है। साथ ही बच्चों में परस्पर भाई-चारे की भावना को बढ़ावा देते हुए उनका मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक विकास करना है। इस वर्ष आरोहण समर कैंप के लिए ऑनलाइन माध्यम से 7820 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाईयों में यह शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### निमंत्रण में आए व्यक्ति से युवकों ने मांगे पैसे, न देने पर की मारपीट

**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मऊखेरा में कुछ युवकों ने गत 24 अप्रैल को गांव के एक समारोह में शामिल होने आए एक व्यक्ति से पैसों की मांग की और जब पैसे नहीं




दिए गए तो युवकों ने मारपीट कर दी थी। उक्त घटना की रिपोर्ट गुलगंज थाना में की गई थी, जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मारपीट करने वाले आधा दर्जन से अधिक युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गुरूदत्त शेषा ने बताया कि 24 अप्रैल को ग्राम अनगौर का रहने वाला फरियादी अपनी पत्नी के साथ ग्राम मऊखेरा में विवाह समारोह में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान मऊखेरा निवासी हीरालाल राजपूत, पुष्पेंद्र राजपूत, रानू राजपूत, चंद्रभान राजपूत, राजेश राजपूत, घनश्याम राजपूत और भागी राजपूत ने उससे पैसे मांगे और जब फरियादी ने पैसे देने से मना किया तो उक्त सभी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जाने से मारने की धमकी दी। फरियादी की शिकायत पर मारपीट, अवैध वसूली, जान से मारने की धमकी संबंधी विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए मुख्य आरोपी हीरालाल राजपूत को घटना के अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया था, शेष आरोपियों की तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही थी। बीते रोज शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लाखों की चोरी का नहीं हुआ खुलासा, पीड़ित ने एसपी को दिया ज्ञापन

**छतरपुर।** जिले के गोयरा थाना के ग्राम बसराही में गत 4 मई की रात को कमलेश पटेल नाम के व्यक्ति के घर चोरी हो गई थी। 5 मई को गोयरा थाने में इस संबंध में सूचना दी गई। पुलिस ने आईपीसी की धारा 457, 380 के तहत मुकदमा कायम कर लिया था लेकिन अब तक चोरी का खुलासा नहीं हुआ है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर चोरी के खुलासे की मांग की है।
बसराही निवासी कमलेश पुत्र जागेश्वर पटेल ने एसपी को आवेदन देते हुए बताया कि 4 मई को मैं अपने घर पर सो रहा था उसकी पत्नि बीमार है। रात में उसके घर चोरी हो गई। कमलेश के मुताबिक सोने, चांदी के जेवरात और नगदी सहित करीब 18 लाख रूपए की चोरी हुई है।

## अब तक कुल 141 स्कूलों को फीस की जानकारी पोर्टल पर अपलोड नहीं करने पर नोटिस

# 10 से 15 प्रतिशत तक फीस वृद्धि पर जिले के 12 विद्यालयों के प्राचार्यों को सूचना पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर ने जिले के ऐसे 251 स्कूल जिन्होंने 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 दोनों सालों की फीस की जानकारी डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है, ऐसे स्कूलों को नोटिस जारी किये गये है। वर्ष 2024-25 के लिए जो फीस स्ट्रक्चर है उसको पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है, ऐसे 141 स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा ऐसे 12 स्कूल अभी तक मिले है, जिन्होंने 10 प्रतिशत से ज्यादा और 15 प्रतिशत से कम यानी पिछले साल की तुलना में इतनी फीस बढ़ाई है, उनको नोटिस जारी करके तीन दिन का समय दिया है, कि वे इस फीस वृद्धि का आधार बताएं। यदि कोई स्कूल 15 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ा लेता है, तो इस संबंध में अंतिम निर्णय लेने के लिए राज्य सरकार अधिकृत है, तो राज्य समिति को यह केस रेफर करने का काम किया जाएगा। कलेक्टर श्री




कोचर ने कहा है सरकार ने निजी विद्यालयों की फीस को रेगुलेट करने के लिए कानून और नियम बनाए हैं, जिसका परिपालन करना सभी स्कूलों का कर्तव्य है। इसके अंतर्गत इन नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए जिला स्तर से जिला समिति जो इसके लिए सशक्त है, वह इस पर लगातार कार्यवाही कर रही है। अब ऐसे स्कूल जिन्होंने वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 इन दोनों सालों के फीस की जानकारी का डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है ऐसे 251 स्कूल है, इन सभी को नोटिस जारी किए गए हैं। इनसे यह कहा गया है कि अगले 7 दिन के भीतर यह सभी जानकारियां पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए अन्यथा इन स्कूलों के खिलाफ नियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी और शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया ऐसे 141 स्कूल है, जिन्होंने वर्ष 2024-25 के लिए जो फीस स्ट्रक्चर है उनके फीस की संरचना है, उसको पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। ऐसे 141 स्कूलों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं और उनसे यह अपेक्षा की गई है कि वे अगले 7 दिन के अंदर वर्ष 2024-25 की उनकी जो फीस संरचना है उसकी पूरी जानकारी नियम अनुसार अपलोड कर दें। यदि वे स्कूल 07 दिन के अंदर यह नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध भी फीस अधिनियम के अंतर्गत नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इसी प्रकार एक और श्रेणी है स्कूलों की जिन्होंने अपनी जानकारी अपलोड कर दी है। जिले में 12 स्कूल ऐसे हैं जिन्होंने जानकारी अपलोड कर दी है लेकिन उनकी फीस 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा दी है, पिछले साल से और 15 प्रतिशत से कम बढ़ाई है। सरकार का अनुसार यदि स्कूल ने 10 प्रतिशत या उससे कम फीस बढ़ाई है तो वह ऑटो अप्रूव हो जाता है, उसमें किसी की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होती है। लेकिन यदि 10 प्रतिशत से ज्यादा और 15 प्रतिशत तक फीस बढ़ाई जाती है, तो ऐसी स्थिति में जिला समिति का अप्रूवल जरूरी होता है। जिले में ऐसे 12 स्कूल अभी तक मिले है, जिन्होंने 10 प्रतिशत से ज्यादा और 15 प्रतिशत से कम यानी पिछले साल की तुलना में इतनी फीस बढ़ाई है, उनको नोटिस जारी करके तीन दिन का समय दिया है, कि वे इस फीस वृद्धि का आधार बताएं और जिला समिति के समक्ष संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें। इस विषय में जब संबंधित जानकारी देंगे उसके बाद जिला समिति फीस वृद्धि के बारे में अंतिम निर्णय लेगी। उन्होंने कहा इसी प्रकार जिले का एक स्कूल ऐसा है जो जानकारी अभी तक हमारे पास आई है, जिसने 15 प्रतिशत से अधिक फीस पिछले साल की तुलना में बढ़ाई है, तो उस स्कूल को 03 दिन का नोटिस दिया है, कि वह अपने आधार प्रस्तुत करें कि उन्होंने 15 प्रतिशत से अधिक पिछले साल से फीस क्यों बढ़ाई है। यह केस राज्य समिति के समक्ष भेजा जायेगा, क्योंकि यदि कोई स्कूल 15 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ा लेता है, तो इस संबंध में अंतिम निर्णय लेने के लिए राज्य सरकार अधिकृत है, तो राज्य समिति को यह केस रेफर करने का काम किया जाएगा। इस प्रकार इस अधिनियम के अंतर्गत हम जिले के अंदर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का काम कर रहे हैं ताकि अभिभावकों को अनावश्यक रूप से और बिना किसी ठोस आधार के फीस वृद्धि का सामना न करना पड़े और इससे जुड़ी परेशानियों का सामना ना करना पड़े। स्कूल भी रेगुलेट रहे कि वे अपना हर साल का फीस स्ट्रक्चर इन नियमों के अंतर्गत ही पूरा तैयार करें और उसके अनुसार ही कार्यवाही करें।

## बैंक संस्था प्रमुखों की थाना प्रभारी ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

बीते दिनों अनुविभाग के मगरोन थाना क्षेत्र के फतेहपुर चौकी में संचालित मध्यांचल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में वहीं के सिक्योरिटी गार्ड द्वारा 41 लाख से अधिक की लूट की वारदात को अपने साथियों के साथ अंजाम दिया गया था उसी घटना के उपरांत जिला पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के दिशा निर्देष एवं एसडीओपी नीतेश पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनीष कुमार द्वारा पुलिस थाना में नगर में संचालित शासकीय अर्ध शासकीय बैंक शाखाओं के प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें थाना प्रभारी द्वारा बैंक की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आवाश्यक दिशा निर्देश दिए गये जिसमें प्रमुख रूप से सीसीटीवी कैमरे चौकीदार अग्निशामक यंत्र के साथ बैंक में सर्तकता रखनें के संबध में दिशा निर्देश दिए।

## सीपीआर तकनीक जैसे अन्य विषयों पर प्रशिक्षण टीएल बैठक का होगा आयोजन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिले में प्रति सप्ताह मंगलवार को टी.एल. (समय-सीमा) बैठक आयोजित की जाती है। बैठक में विभिन्न विषयों की समीक्षा की जाती है, कौन-कौन से काम समय-सीमा में होने है, उनको देखा जाता है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा बैठक को और अधिक सार्थक और उपयोगी बनाने के लिए यह तय किया है कि हर मीटिंग में एक नई सार्थक जानकारी सारे अधिकारियों को दी जाए, जो उनके खुद के जीवन के लिए, प्रशासनिक और व्यक्तिगत जीवन दोनों के लिए उपयोगी होगी। इसी श्रृंखला में पहला प्रयोग यह किया गया था कि जिला अस्पताल के डॉक्टर्स को बुलाया गया, उन्होंने सी.पी.आर. देने की तकनीक सभी को सिखाई और उसका डेमोंसट्रेशन किया, जिसका अभ्यास अधिकारियों ने भी किया। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया सी.पी.आर. तकनीक ऐसी है मान लीजिए यदि कोई व्यक्ति अचानक अचेत हो जाए या साइलेंट अटैक आ जाए, ऐसी स्थिति में यदि कोई और मेडिकल सुविधा नहीं मिलती है तो सी.पी.आर. देकर हम किसी की जान बचा सकते हैं। सभी अधिकारियों ने सीपीआर को पूरे मन से सीखा। यह तकनीक सीख जाने से हम जाने-अनजाने कई बार संयोग बस कई लोगों की जान बचाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। इसी प्रकार की अलग-अलग तकनीक और अलग-अलग चीजों पर आगे साप्ताहिक समय-सीमा बैठकों में ऐसे प्रयोग किये जायेंगे और अधिकारियों को उनकी जानकारी दिलाते रहेंगे।

## डेंगू दिवस पर हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**हटा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बैक एवं जिला मलेरिया अधिकारी दमोह श्रीमती यामिनी शिलारपुरिया के निर्देशानुसार सिविल अस्पताल हटा में सीबीएमओ डॉक्टर उमाशंकर पटेल के मार्गदर्शन में डॉक्टर सौरभ जैन द्वारा अस्पताल में आए मरीजों,उनके परिजन तथा स्टाफ के साथ डेंगू दिवस के




उपलक्ष में डेंगू रोग को न पनपने देने की शपथ ली। इस रोग का बचाव आसान है परंतु रोग बहुत घातक है।इसलिए डॉक्टर साहब ने बताया कि हम अपने आसपास व परिवेश में जमे हुए पानी या पानी के जमा होने वाले स्थान की नियमित साफ सफाई रखें। मलेरिया निरीक्षक प्रदीप पनिका द्वारा बताया गया कि इस रोग में मरीज को तेज बुखार,सिर दर्द,आंख की पुतली घुमाने में दर्द, त्वचा पर लाल चकते होना,चक्कर आना आदि है। रक्त में प्लेटलेट्स की बेहद कमी आ जाती है। ऐसी अवस्था में तुरंत चिकित्सक को दिखाना चाहिए। इस दिवस को मनाने का यही उद्देश्य है कि लोग जागरुक हों और इस रोग से बचाव के सभी साधन व सावधानी अपनाएं। इस अवसर पर सिविल अस्पताल स्टाफ से डॉक्टर्स, फाइलेरिया/मलेरिया स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ तथा सी एच ओ आदि उपस्थित रहे।

## भगवान की कथा जीवन की व्यथा को समाप्त करती है: ऋषिकांत गर्ग

**बनवार।** हिंडोरिया के पास पिपरिया में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ हुआ जिसके पूर्व मंगल शोभा यात्रा निकाली गई जो गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक बालव्यास पं.ऋषि महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नही अपितु हमारे कई जन्मों के पापो का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है । कथा श्रवण से जीवन जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है व्यास जी ने कहा कि नारद जी ने भक्ति देवी के कष्ट की निर्बत्ती के लिए श्रीमद् भागवत कथा का सामूहिक अनुष्ठान किया था। जहा संतकुमारो ने श्रीमद् भागवत का प्रबचन करते हुए नारद के मन का संसय दूर किया।इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया और प्रेत योनि से मुक्ति पाकर विष्णु लोक को प्राप्त हुआ ।कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद् भागवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया ।

## फूलों की होली में झूमे श्रद्धालु



**बनवार।** बम्होरी में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आज समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन पंडित आशीष कृष्ण चरणानुरागी गुरु महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के विवाह, सुदामा चरित्र और संपूर्ण भागवत कथा का वर्णन किया। साथ ही बृज की फूल की होली का आयोजन हुआ। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए आशीष गुरु महाराज ने कहा कि दोस्ती भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। जिसमें सच्ची मित्रता दर्शाई गई है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक दूसरे के साथ मित्रता कर रहे है और काम निकल जाने पर लोग एक दूजे को भूलते जा रहे है। महाराज ने संपूर्ण कथा के बारे में बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति भागवत कथा से किसी भी माध्यम से जुड़ता है या सुनता है। वह जीवन में असफल व भटकता नहीं है। ब्रज की होली के बारे में बताते हुए कहा कि बृज में भगवान श्रीकृष्ण अपनी सखियों व गोपियों के साथ होली लीला इसलिए करते थे कि सभी लोग एकता और भाईचारे में रहे। कथा के अंत में बृज की फूल होली के दौरान होली खेलन आयो है नटवर नंद किशोर। आज बृज में होली रे रसिया के भजन सुनाकर श्रोताओं को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। साथ ही गुरु महाराज ने व्यास गद्दी से श्रोताओं पर फूल बरसाए। श्रोताओं ने भी एक-दूसरे पर फूल बरसाकर बृज की फूल होली का आनंद लिया। इसके साथ ही 7 दिवसीय कथा का समापन किया गया। हवन पूजन भंडारे का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हुए धर्म लाभ अर्जित किया।

## भूमि,आजीविका एवं संविधान विषय पर कंचनपुरा में ग्रामीणजनों से हुआ संवाद



**हिण्डोरिया।** जन संगठन एकता परिषद के राष्ट्रीय सचिव संतोष सिंह की उपस्थिति में आदिवासी बाहुल्य गांव कंचनपुरा में भूमि, आजीविका एवं संविधान विषय को लेकर ग्रामीणों से आपसी संवाद किया गया। बैठक में उनके मुद्दों को गहराई के साथ समझकर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। एवं उन्हें संविधान एवं कानून सम्मत प्राप्त अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई । बैठक में संगठन के मुखिया अर्जुन आदिवासी एवं सोनेलाल आदिवासी को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एवं उनके परिजनों को ढाढस बंधाया गया । इस मौके पर एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान, पंचम आदिवासी, मन्नू लाल आदिवासी, मंगल आदिवासी, धर्मेन्द्र गौड़ सहित अनेक ग्रामीण महिला पुरुष मुखिया मौजूद रहे।

## निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन




**हटा।** देव जू नेत्रालय जबलपुर के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर पवन स्थापक के मार्गदर्शन में सीएमएचओ दमोह की अनुमति से सिविल अस्पताल हटा में निः शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अरविंद कुमार नेमा नेत्र चिकित्सा सहायक सिविल हॉस्पिटल हटा, अमित देशपांडे टेक्नीशियन नेत्रालय जबलपुर एवं आनेश जैन समाजसेवी नेत्र चिकित्सा सहायक हटा द्वारा 73 नेत्र रोगियों की जांच की गई। 17 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया जिन्हें ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई। देशपांडे जी द्वारा बताया गया कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए महान संत दादा विरेंद्रपुरी जी महाराज की प्रेरणा से देवजू नेत्रालय ट्रस्ट जबलपुर की स्थापना की गई है। जिसमें मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क आसपास के जिलों से लाना,ले जाना,ऑपरेशन, दवाई,चश्मा व भोजन ठहरने की व्यवस्था बिल्कुल निशुल्क होती है। अब यह शिविर हर माह की एक निश्चित तारीख को हटा शहर में लगाया जाएगा। जिससे मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क सेवा का लाभ मिलेगा। शिविर की सफलता के लिए सिविल अस्पताल हटा के सीबीएमओ डॉक्टर उमाशंकर पटेल का आपके द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## झोलाछाप डॉक्टरों पर प्रशासन ने की कार्यवाही

**जबेरा।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत लगातार स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्रामीण अंचलों में अवैध रूप से संचालित क्लींनिको व झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम मे सामुदायिक स्वस्थ केंद्र से बीएमओ डॉ डी के राय ब तहसीलदार विवेक व्यास सहित राजस्व ब स्वस्थ केंद्र की टीम द्वारा जबेरा नगर में संचालित चांदसी दवाखाना सहित दो अन्य दवाखाना पर छापामार कार्यवाही करने पहुंचे तो तीनों दवाखाना बंद मिले । क्लीनिक के बाहर नोटिस चस्पा कार्यवाही किए गए। बीएमओ डॉक्टर डी के राय ने जानकारी देते हुए बताया कि दमोह हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई गई थी जिस पर कार्यवाही करते हुए जबेरा नगर में तीन दवाखाना पर पहुंचे जहां यह तीनों दवाखाने बंद मिले जिनके बाहर नोटिस चस्पा किये गए है। नोटिस के अनुसार तीन दिवस के अंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में अपने बचाव में उपर्युक्त दस्तावेज कथन सहित प्रस्तुत करें। जिससे की शिकायत का निराकरण किया जा सके।

## जैन धर्म शाला में परमोपकारी संत पुस्तक का हुआ विमोचन



**दमोह।** शहर में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के स्मरण स्वरूप उपकार दिवस के उपलक्ष्य में श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्त्वाधान में आयोजित शिविर आदि में पढ़ाने हेतु मुनि पुंगव के निर्देशन में डॉक्टर प्रदीप जैन द्वारा रचित "'परमोपकारी संत' महाकवि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं उनका अवदान एक पुस्तक" का विमोचन सांगानेर एवं श्री दिगंबर जैन पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा हुआ। यह पुस्तक भारत के संपूर्ण शिविरों में आचार्य श्री को याद करते हुए उनके कार्यों व जीवन को याद करते हुए पढ़ाई जाएगी। पुस्तक की खूबियों के बारे में वार्ता करते हुए लोगों ने बताया कि इसे नव शिक्षण विधियों के माध्यम से पाठक की आदतों व जीवन में उत्तरोत्तर स्वभाविक परिवर्तन हेतु निर्मित की गई है। प्रत्येक अध्याय के अंत में दिए गए क्रियाकलाप व 1 अध्याय में लिखित संवाद हृदय को छूने वाले हैं। आचार्य श्री के कुछ ग्रंथों से संकलित कुछ अध्याय उनके जीवन का सार हैं जोकि उनकी याद दिलाते हैं।

## कालीदह का विषाक्त जल पीने से भगवान श्रीकृष्ण के ग्वालवाल गाय बछड़े मूर्छित हो गये थे : पं रवि शास्त्री

दमोह। स्थानीय तीन गुल्ली पर अमित सिरोठिया के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि एक दिन कृष्ण यमुना के तट पर गए तो गायें भी बेहोश हो गई और ग्वाल बाल भी मूर्छित हो गए क्योंकि यमुना का जल विषैला हो गया था उस यमुना में काली नाग रहता था भगवान ने कहा की मैं इस काली को नाथुंगा और यमुना जी को बचाऊंगा एक दिन बलराम जी का जन्मदिन था और अकेले ग्वाल बालों के साथ भगवान कृष्ण ही गऊ चराने आये हैं श्रीदामा गेंद के साथ खेलने लगे जब खेल रहे थे तो कृष्ण जी ने जान बूझकर यमुना में गेंद फेंक दी है श्रीदामा जी बोले कन्हैया मेरी गेंद मुझे लेकर दे कृष्ण बोले की भैया घर चल में तुझे मैया से दूसरी गेंद बनवाकर दे दूंगा। लेकिन श्रीदामा जी मचल गए और रोने लगे की नही कन्हैया मुझे मेरी गेंद ही चाहिए कृष्ण बोले ठीक है भैया तू रो मत अभी लेकर देता हूँ भगवानश्री कृष्ण जी कदम्ब के पेड़ पर चढ़ गए और यमुना में कूदने लगे तो सभी ग्वाल बाल हल्ला करने लगे की तू मत कूद कन्हैया इसमें बहुत बड़ा काली नाग रहता है लेकिन भगवान ने छलांग लगा दी और सीधे पहुंच गए जहाँ काली निवास करता है उस समय काली नाग सो रहा है और नागिन जाग रही थी जब उन्होंने भगवान को देखा तो मन्त्र मुग्ध हो गई और नागिन कहती है भगवान से पूछती है अरे लाला तू कौन है कहाँ से आया है और तेरे माता पिता कौन है भगवान कहते है नागिन में पूर्व दिशा से आया हूँ कृष्ण मेरा नाम है माँ यशोदा और पिता नन्द जी है नागिन बोली की आप यमुना में क्यों कूदे रिसाइयां या तेरे मन में क्रोध उपज्यो ना बारें बैरिन भर बाइयां क्या आप रास्ता भूल गए क्या किसी बेरी ने तुम्हारे कान भर दिए और तुम्हे गुस्सा आ गया या अपनी पत्नी से लड़ाई करके यमुना में कूदे हो भगवान कहते है ना नागिन में डगर भूल्यो बगड़ भूल्यो ना घर नार रिसाइयां ना मेरे मन में क्रोध उपज्यो ना बेरिन भर बाइयां भगवान बोले नागिन न तो मैं रास्ता भुला हूँ न ही डगर और न मेरी नागिन कहती है फिर बालक तुम यमुना में क्यों कूदे भगवान बोले की नागिन मुझे चोरी की चीज नही चाहिए मालूम है मैं यहाँ क्यों आया हूँ देख मेरी माँ यशोदा जब दधि मंथन करेगी तो मेरी माँ को डोरी की आवश्यकता पड़ेगी तो तेरे नाग की मैं डोरी बनाउंगा जब मेरी प्यारी राधा रानी झूला झुलेंगी तो मुझे रस्सी की आवश्यकता होगी तो तेरे नाग की मैं डोरी बनाऊंगा नागिन बोली की हम इसे कितने स्नेह कर रही है और ये हमारे पति अपमान कर रहा है हम इसे कितना स्नेह दे रही हैं लेकिन ये मान नही रहा और उन्हें क्रोध आ गया और अपने पति को जगाने लगी की नाग एकदम फुंकार मार कर उठ गया और भगवान के चारों और लिपट गया एक क्षण को तो भगवान को मूर्छा आ गई लीला में काली ने लपेटे में भगवान को लिया जब प्रभु को चेत आया तो अपने शरीर को फुलाना शुरू किया और काली की नस नस चटकने लगी और काली का बंधन ढीला हो गया जब काली का बंधन ढीला हुआ तो उसी समय भगवान उसके लपेटे से बाहर निकले और एक छोटी सी छलांग यमुना में लगाई और झट प्रभु काली के फन पर चढ़ गए जिस फन से काली फुंकार मार रहे हैं भगवान अपना चरण उठाकर काली के मस्तक पर प्रहार कर रहे हैं उसकी नाक से आँख से रक्त बहने लगा रक्त की बून्द भगवान के चरणों में पड़ी हैं शुकदेव जी महाराज कहते हैं की परीक्षित ऐसा लग रहा हैं जैसे कोई भक्त नीले चरणों में लाल पुष्प चढ़ा रहा हैं कितना सुंदर भगवान के चरण सुशोभित हो रहे हैं जब नागिनों ने देखा तो घबरा गई और अपने बच्चो को लेकर भगवान के चरणों में प्रणाम करने लगी। प्रभु आप क्षमा कीजिये हमें क्षमा कीजिये और हम आज ये बात समझ गई हैं आपकी दृष्टि में शत्रु और पुत्र में कोई भेद नही हैं नागिन कहती हैं प्रभु आपकी दृष्टि में कोई भेद नहीं हैं आपकी दृष्टि में क्षमता हैं पर आप जानते हैं हमारा पति काली हैं बिना पति के पत्नी का जीवन बहुत कठिन हो जाता हैं हम आपके चरणों में बार बार प्रणाम करती हैं जब नागिन ने बार बार प्रार्थना की तो भगवान ने अपना लीला क्रोध कम किया और कालिया नाग भी बोलने लगा जिसका पूरा मस्तक रक्त से भरा हुआ हैं काली कहता हैं प्रभु हम तो जाति से ही दुष्ट हैं खल हैं कितना भी हमको दूध पिलाओ फिर भी विष ही उगलेंगे लेकिन हमें भी तो आपने ही बनाया हैं ना भगवान बोले ठीक हैं काली पर तुम वृन्दावन में नही रहोगे काली बोला की मैं कहाँ जाऊं भगवान बोले की तुम रमनदीप चले जाओ।

**खबर संक्षेप**

## पुलिस ने हत्या के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मडियादौ।** पुलिस कानून व्यवस्था और शान्ति बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों एवम् अपराधियों पर लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में थाना मड़यिादो अन्तर्गत हुई हत्या का खुलासा करते हुए मड़यिादो पुलिस ने 03 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। दिनांक 15/05/24 के प्रातः लगभग 09:00 बजे थाना प्रभारी मड़यिादो को उप-तहसील ग्राउंड के पीछे, नाला में एक व्यक्ति के मूर्छित अवस्था में पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई जिसकी पहचान शंकर लाल आदिवासी पिता हिम्मत आदिवासी निवासी मड़यिादो के रुप में की गई। सूचना पर थाना प्रभारी ने मड़यिादो घटना स्थल पहुंचकर अपने वाहन से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़यिादो भेजा जहां से उसे उप-स्वास्थ्य केंद्र हटा लाया गया। हटा उप-स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच करने पर पाया कि मृतक और उसके पड़ोस में रहने वाले बृजलाल आदिवासी के मध्य पुरानी रंजिश पर से घटना दिनांक को विवाद हुआ था। विवाद पर से बृजलाल आदिवासी एवम उसके बच्चों ने मृतक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर फेंक दिया था। जिस पर थाना मडियादो में अपराध क्रमांक 74/2024 धारा 302, 147, 148, 149 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना उपरांत उक्त अपराध क तीनो आरोपियों को शीध्र गिरफ्तार माननीय न्यायालय पेश किया गया है। अरोपियों में बृज लाल पिता हिम्मत आदिवासी, बद्री पिता बृजलाल आदिवासी, उर्मिला पिता बृजलाल आदिवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दुरग पिता बृजलाल आदिवासी एवं बंटी पिता बृजलाल आदिवासी समस्त निवासी ग्राम मड़यिादो, जिला दमोह की तलाश जारी है। शेष 02 आरोपियों की तलाश कर गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित की गई है ।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई नोहटा में लगी भीषण आग

# आग लगने से 24 कंप्यूटर, चार एसी सहित पूरी लैब जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नोहटा





नोहटा की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में अचानक भीषण आग लग जाने के कारण संपूर्ण सामान जलकर खाक हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 9:30 बजे करीब कोपा लेब के बाहर धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया। उपस्थित स्टाफ के द्वारा ताला खोलकर देखा गया तो पूरा कंप्यूटर लैब का कमरा आग से दहल रहा था। प्रबंधन के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग अपनी चरम सीमा पर होने के कारण काबू नहीं पा सके। उन्होंने तत्काल ही नोहटा थाना एवं फायर ब्रिगेड को फोन कर जानकारी दी। करीब 1 घंटे के बाद नगर परिषद दमोह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई और 10 या 15 मिनट के बाद किसी कारणवश वह खराब हो। इसके बाद नगर परिषद तेंदूखेड़ा की फायर ब्रिगेड बुलवाई गई। उसके बाद नगर परिषद दमोंह की दूसरी गाड़ी बुलवाकर आग पर काबू पाया गया। दमकल की तीन गाडियां आग बुझाने में लगी थी। तब तक आग में संपूर्ण सामान जलकर खाक हो गया था।प्रबंधन के लोग आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बता रहै है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके पूर्व में भी ऐसे हाई वोल्टेज के कारण आईटीआई के एसी एवं पंख जल गए थे। लेकिन आग लगने का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं है। गनीमत है कि उस समय क्लास नहीं लगी हुई थी नहीं तो हादसा बहुत भयानक हो जाता। नायब तहसीलदार राजेश साहू पटवारी अमित श्रीवस्ताब एवम शिवकुमार राय के साथ आईटीआई पहुंचकर घटनास्थल का मुआयंना किया। उन्होंने बताया कि प्रबंधन बता रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है लेकिन अभी घटना के संबंध में कुछ कहा नहीं जा सकता जांच जारी है आग लगने का करण पता किया जाएगा। एवं जो भी दोषी पाया जाएगा उन पर कार्रवाई होंगी।

आईटीआई सेंटर के पास रहने वाले लोग बताते है कि यह आग कर्मचारियों की घोर लापरवाही और उदासीनता के कारण लगी है। यहां पर चार चौकीदार नियुक्त हैं लेकिन एक भी चौकीदार केंद्र में नहीं रहता है। वह ज्यादातर समय गोल रहते हैं। साफ सफाई भी नहीं होती है और कचरा पूरे में फैला रहता है जिसके कारण यह घटना हुई है। आग लगने से करीब डेढ़ दर्जन कंप्यूटर, चार एसी, कई एलइडी प्रोजेक्टर और बिल्डिंग में रखा बाकी सामान जलकर राख हो गया। ताज्जुब की बात यह है कि इतना बड़ा सेंटर होने के बावजूद यहां का फायर फाइटिंग सिस्टम एक्टिव क्यों नहीं हुआ? यदि तत्काल फायर फाइटिंग सिस्टम एक्टिव हो जाता तो विभाग के कंप्यूटर और उसके जरूरी दस्तावेज जलने से बचाए जा सकते थे। इस संबंध में संस्था प्राचार्य एनएस उईके से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी मैं छुट्टी में हूं और किसी काम से भोपाल आया हुआ था। इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। लेकिन स्टाफ का फोन आया था कि सॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण कंप्यूटर लैब जलकर खाक हो गया है।

इस संबंध में विद्युत मंडल नोहटा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता प्रभात दुबे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह शॉर्ट सर्किट नहीं है। आईटीआई के अंदर ही कमरे में किसी अन्य कारण बस आग लगी है। यदि हाई वोल्टेज होता तो आसपास के घरों में भी इसका असर देखने को मिलता। एक बात यह भी निकल कर सामने आ रही है कि यदि हाई वोल्टेज लाइट की सप्लाई आ रही है तो आईटीआई के कंट्रोल रूम में लगे फ्यूज उसे मैनेज करते हैं। एवं इतना बड़ा नुकसान नहीं हो पाता।

# ट्रैक्टर पलटा, नीचे दबे मजदूरों को ग्रामीण ने निकालकर जान बचाई

### मुश्किल से बाहर निकाला बची जान, इलाज के लिये जबलपुर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर





जबेरा थाना की सिंग्रामपुर चौकी के ग्राम सिंगपुर के कुआ पटना में दिल दहलाने वाला भीषण सड़क हादसा सामने आया। यहां बेकाबू ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर के नीचे चार मजदूर दब गए और चीख पुकार मच गई। हादसा जैसे स्थानीय लोगों ने देखा तो रोंगटे खड़े हो गए। क्योंकि ट्रैक्टर के नीचे दबे चार मजदूर जान बचाने के लिए चीख पुकार रहे थे। और स्थानीय ग्रामीण ने बिना देर किए मजदूरों की जान बचाने के लिए रेस्क्यू शुरू कर दिया और बड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे तभी मजदूरों को बाहर निकाल गया मजदूरों की जान तो बच गई। लेकिन गंभीर रूप से घायल मजदूरों को उपचार के लिए तत्काल जबलपुर भेजा गया है जहां पर उनका उपचार चल रहा है। दरअसल ग्राम कोंडा से भूसा की ट्रॉली उठाने गया ट्रैक्टर पटना कुआं पावर हाउस के पास बेकाबू होकर पलट गया और ट्रैक्टर में सवार मजदूर ट्रैक्टर के नीचे पूरी तरह से दब हुई थे । बताया जा रहा है विद्युत पावर हाउस के सामने ट्रैक्टर सोनालिका पलट जाने की खबर जैसे ही ग्राम वासियों मिली तुरंत मौके पर पहुंचकर सोनारिका ट्रैक्टर में दबे चार मजदूरों को निकल गया जिसमें दो मजदूरों बेहोशी की हालत में निकाला गया। घायल मजदूर कोडा कला निवासी शिवराज मेहरा, सत्तू आदिवासी सुरेन्द्र शर्मा अमन ठाकुर बताए जाते है सिंग्रामपुर पुलिस द्वारा भीषण सड़क हादसे को लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# रुक जाना नहीं परीक्षा का सेंटर जिला स्तर पर बनाने पर अभिभावकों ने आपत्ति जताई

### दूरस्थ ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल होने में असमर्थता व्यक्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

कक्षा दसवीं एवम बारहवीं में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों हेतु आगामी 20 मई से आयोजित होने वाली रुक जाना नही परीक्षा का सेंटर ब्लॉक स्तर की बजाय जिला स्तर पर बनाये जाने की जानकारी प्राप्त होने पर इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों ने आपत्ति ली है उनका कहना है कि जब इसके फॉर्म भरे जा रहे थे तब हमें यह जानकारी दी गई थी कि इस वर्ष इसके सेंटर ब्लॉक स्तर पर बनाये जायेगे किंतु अचानक जब परीक्षा नजदीक आ गई है तब जानकारी दी जा रही है आपके विद्यार्थियों के परीक्षा केंद्र जिला स्तर पर ही बनाये जायेगे। जो कि हम लोगो के साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि हम लोग जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर से लेकर 100 किलोमीटर तक दूर रहते है और हमारे यहां से नियमित एवम समय पर वाहन भी नही चलते है ऐसे में परीक्षा में अपने बच्चों को पहुच पाना बहुत ही असंभव है हम लोगो ने जैसे तैसे उधार लेकर इस परीक्षा के फॉर्म भरे थे अब प्रतिदिन परीक्षा के लिए दमोह अपने बच्चों को लेकर जाना पड़ेगा तो हमारा दुहरा नुकसान होगा एक तो किराया लगेगा दूसरा उस दिन की मजदूरी का भी नुकसान होगा। साथ ही जिन परिवारों में कोई भाई बहिन या बच्चों को ले जाना वाला नही है वह सेंटर तक कैसे पहुचेंगे। ऐसी स्थिति में अधिकांश अभिभावकों एवम परीक्षार्थियो ने परीक्षा में सम्मिलित होने में ही अपनी असहमति प्रकट की है। तथा मांग की है कि विद्यार्थियों की असुविधा का ध्यान रखते हुए परीक्षा केंद्र ब्लॉक स्तर पर बनाये जाने पर पुनर्विचार किया जाए। ओर यदि परीक्षा केंद्र जिला स्तर पर ही रखे जा रहे है तो परीक्षार्थियो को अपने विद्यालय से परीक्षा केंद्र तक लाने एवम वापिस छोड़ने हेतु बस इत्यादि की व्यवस्था विद्यालयों की ओर से की जाए ताकि परीक्षार्थी आसानी एवं सुरक्षित रूप से परीक्षा में सम्मिलित हो सके।

### अन्य केस में मासूम के मुह में फसी लकडी और तार के सफलतापूर्वक टुकडे निकाले

# महिला के पेट से निकाला बड़ा ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सामाजिक संस्थान आधारशिला संस्थाकन के द्वारा संचालित मिशन अस्परताल में एक सप्ताह के अंदर दो बडे ऑपरेशन सफलतापूर्वक किये जो कि महिलाओं से संबंधित थे जिनकी बच्चेदानी से दो अलग-अलग महिलाओं को क्षमता से अधिक वजन के ट्यूमर निकाले गये इसके अलावा एक 13 वर्षीय मासूम के मुह की दाढ़ के स्थामन पर फसी अगरबत्तीअ की लकडी के 50 टुकडे और लोहे का तार सफलतापूर्वक निकाला गये। दमोह जिले की सीमा से लगे ग्राम भदौली निवासी महिला सरस्वाती पेट दर्द की पीडा से पीडित मिशन अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टहरों ने चौकप करके इलाज शुरू किया इलाज के दौरान महिला के पेट में बच्चेहदानी की जटिल सर्जरी कर डॉ ए के तिवारी ने दो किलो का ट्यूमर निकाला। महिला अब स्वास्थ्य है महिला और उसके परिजनों ने राहत की सांस ली गौरतलब है कि इससे पहले मिशन अस्पताल में ही कुछ दिन पूर्व एक महिला के पेट से भी चार किलो का ट्यूमर निकाला गया था।

### 13 वर्षीय बच्चे के मुंह में फंसे लकड़ी व तार के टुकड़े सफलतापूर्वक निकाले

जिले के तेजगढ़ हर्रई निवासी 13 वर्षीय अमित नाग के मुह के दातों मे तकलीफ थी जिसके मुह की दाढ़ के पास सुराख हो गया था बच्चे ने खेलते-खेलते अगरबत्तीी की लकडी के कई छोटे-छोटे टुकड़े और लोहे का तार फसा लिया था जिससे बच्चे के चेहरे पर अधिक मात्रा में सूजन आ गई थी बच्चें के माता-पिता ने दमोह आकर डॉक्टेरों को दिखाया तो उसको दवा दी और वापस भेज दिया गया लेकिन बच्चें की तकलीफ किसी की समझ में नही आई फिर किसी नें सलाह दी मिशन अस्पताल में डॉक्टईरों को दिखाने की तब बच्चों के माता-पिता ने मिशन अस्पनताल में चौकप कराया जहा मिशन अस्पनताल के दंत चिकित्सलक डॉ अंशुल एलेक्स गुन्नी नें सफलतापूर्वक दांत के स्थालन से अगरबत्ती की लकड़ी के करीब 50 टुकडे और एक तार का टुकडा निकाला। तब जाकर बच्चे् को राहत मिली। जबकि बच्चे् की मॉं डरी हुई थी कि बच्चे को कोई भयंकर बीमारी तो नही हो गई बच्चो की हालत अच्छी देख मॉ के चेहरे पर मुस्का्न लौटी और मॉ नें अस्पमताल के डॉक्टीर्स और स्टॉपफ का आभार माना।



## दो मुनि संघों की आज पटेरा में भव्य अगवानी

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र,जैन तीर्थ कुंडलपुर की पावन धरा से महासमाधिधारी संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से पहला उपसंघ पूज्य मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री अटल सागर जी महाराज दूसरा उपसंघ मुनि श्री प्रयोग सागर जी महाराज, मुनि श्री सुब्रत सागर जी महाराज का मंगल विहार 17 मई को सायंकाल कुंडलपुर से पटेरा की ओर हुआ।

# आत्मा का आनंद अरस है: निर्यापक मुनि श्री सुधासागरजी



**दमोह।** शास्त्र कहते हैं आत्मा अजर अमर और अविनाशी है किंतु सामान्य मनुष्य इस पर सहज विश्वास नहीं कर पाता शास्त्र कहता है उपवास में सुख है किंतु मनुष्य का अनुभव कहता है की रोटी में सुख है शास्त्र कहते हैं कि नीरज भोजन में सुख है किंतु मनुष्य का अनुभव कहता है की रस युक्त भोजन में आनंद है आत्मा का आनंद अरस ळें उपरोक्त विचार निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने दिगंबर जैन नन्हे मन्दिर धर्मशाला में शुक्रवार सुबह अपने मंगल प्रवचनों में अभिव्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि जिसमें रस नहीं उसमें रस लेना आ आत्मा रूप रहित है अव्यक्त है अगंध है जब मनुष्य समझ नहीं पाता तो वह है नास्तिक हो जाता है शास्त्रों में इंद्री सुख को महादुख कहा गया जबकि अनुभव के आधार पर मनुष्य को इंद्रियों की सुख से ज्यादा आनंद कहीं और प्राप्त नहीं होता मनुष्य अंदर द्वंद में सही निर्णय नहीं ले पता वह सांसारिक दुखों को ही सुख मान लेता है उसे अतिंद्री सुख की प्राप्ति नहीं हो पाती वह मान बैठता है कि मार्ग में इतने दुख हैं तो मंजिल पाने पर कितने दुख होंगे और इसी तरह मिथ्या दृष्टि बना रहता है किंतु सम्यक दृष्टि मुनियों के कस्ट को देखकर सोचता है कि ऐसे साधना में कब करूंगा ताकि अपनी आत्मा के स्वरूप को पा सकूं सोकौशल मुनि को बाहर शेरनी चबा रही है उनके ऊपर दुख का पहाड़ दिख रहा है किंतु वे अंदर से आत्मा का रसपान कर रहे हैं अंदर से आनंद का झरना बह रहा है साधु को बाहर से देखोगे तो गम ही गम नजर आएंगे अंदर देखोगे तो सरगम लहराएंगे मुनि के समक्ष यमराज बाहर खड़ा है किंतु उन्हें अंदर अमरता नजर आती है धर्म की सारी कथाएं अनुभव की विपरीत नजर आती है अंजन चोर अपने विश्वास की दम पर अमरता को प्राप्त हो गया जब श्रद्धा और समर्पण होता है तभी आतिशी घटित होते हैं जिस तरह मनुष्य डॉक्टर के समक्ष ऑपरेशन थिएटर में अपने आप को समर्पित कर देता है श्रद्धा और विश्वास की दम पर भगवान राम की जीवन में कष्ट आए यदि वे पिता की आज्ञा नहीं मानते तो इतने कष्ट नहीं आते किंतु धर्म करने से संकट आते सम्यक दृष्टि जीव मरते हुए अमरता का अनुभव करता है धर्म करने से संकट आएगा यदि धर्मात्मा पर संकट नहीं आता तो वह नकली धर्मात्मा है सम्यक दर्शन के लिए इच्छा रहित हो जाना आवश्यक है। आज मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज को आहार देने का सौभाग्य नेमचंद बजाज परिवार को प्राप्त हुआ।

# जो भक्ति ज्ञान वैराग्य को बढ़ाकर परमतत्व की प्राप्ति कराए उसे ही भागवत कहते हैं: पं आशीष कृष्णा



**सिंग्रामपुर।** ग्राम सिंगपुर (पान) गुबरा शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आज शुभारंभ हुआ कथावाचक पंडित आचार्य आशीष कृष्ण शास्त्री ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा की मृत्यु निश्चित है अतः मृत्यु का भय त्याग कर प्राणी मात्र को ईश्वर का चिंतन एवं भजन करने से मुक्ति प्राप्ति करना संभव है। जिस प्रकार राजा परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण करके किया उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सांसारिक जीव मात्र की बधाओं को दूर कर परमात्मा का साक्षात्कार करने का साधन है। क्योंकि यह अक्षर रूप में भगवान का वाड्मय स्वरूप है। जो हमें मुक्ति का मार्ग दिखाती है यह परमहंसों और मनीषियों की संहिता है निगम रूपी कल्पवृक्ष का पका हुआ रसमय फल है व्यास एवं शुकदेव रुपी संतों के द्वारा जो हमें प्राप्त हुआ है वैशाख मास में कथा श्रवण करने का विशेष महत्व है जो देवताओं को भी दुर्लभ है वह अमृत हम मनुष्यों को सुलभ प्राप्त हो गया है यह भव्य आयोजन समस्त चौरसिया समाज एवं ग्राम वासियों के द्वारा किया गया है जिसमें आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही समस्त ग्राम में कलश यात्रा भ्रमण कर कथा स्थल पहुंच कर पुराण की स्थापना हुई।

# नपा कर्मचारी मारपीट मामले में आरोपी को अर्थदंडादेश

**दमोह।** अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता द्वारा नगर पालिका दमोह के कर्मचारी के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए अपील प्रकरण में निर्णय करते हुए अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय में आंशिक संशोधन करते हुए दो हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया। मामले में म.प्र.शासन की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। मामला इस प्रकार था, दिनांक 13 मई 2015 को दोपहर साढ़े बारह बजे सीएमओ नगर पालिका दमोह के आदेश से मस्टर श्रमिक के साथ नगर पालिका कर्मचारी टीकाराम शर्मा, मनीष होटल के सामने सर्वे कर रहा था, तभी आरोपी एजाज उर्फ लकी खान पिता अमजद खान उम्र 26 वर्ष निवासी बजरिया वार्ड नंबर 1 द्वारा टीकाराम शर्मा से विवाद कर गालियां देते हुए जेक लीवर से मारपीट कर दी। मारपीट से टीकाराम को सिर, कलाई व हाथ मे चोट आ गई, वहां मौजूद लोगों द्वारा बीच बचाव किया गया । विचारण न्यायालय ने संपूर्ण मामले के विचारण पश्चात आरोपी एजाज उर्फ लकी खान को दोषी मानते हुए 1 वर्ष के सश्रम कारावास और पांच सौ रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया था।आरोपी द्वारा दंडादेश के विरूद्ध अपील करने पर अपील न्यायलय द्वारा दोनों पक्षों के तर्क सुनने के पश्चात निर्णय दिया कि आरोपी द्वारा वर्ष 2015 से लगातार पेशिया की जा रही है, टीकाराम शर्मा को आई चोटे साधारण प्रकृति की है,ऐसी स्थिति आरोपी के साथ दंडादेश में सहानुभूति पूर्वक विचार किया जा सकता है तब न्यायालय द्वारा आरोपी एजाज उर्फ लकी को धारा 324 में दोषी मानते हुए विचारण न्यायालय की 1 वर्ष के सश्रम कारावास को निरस्त कर और पांच सौ रुपए के अर्थ दंड को बढ़ाते हुए दो हजार रुपए कर दण्डादेश पारित किया।

# वृद्धाश्रम में जाकर सामग्री वितरित की



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा भीषण गर्मी से राहत के लिए वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्धों को ठंडे पानी के घड़े दिए गए। उपाध्यक्ष रिम्मी जुनेजा के सेवा कार्य प्रोजेक्ट में बुजुर्गो को पौष्टिक सत्तू के पैक डिब्बे बांटे गए एवं अन्य प्रकार की खाने पीने की सामग्री भी साथ में वितरित की गई । सभी सदस्यों ने वृद्धों के साथ बैठकर काफी समय बिताया । अध्यक्ष रोजी बग्गा ने कहा कि मनुष्य को निश्चल प्रेम मॉ बाप मे ही मिलता है, किंतु आज के लोग आधुनिकता में यह सब भूलकर अपने माँ बाप को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं। वृद्धाश्रम में रह रही महिलायें अपने परिवार को याद करके रोने लगी और सरकार को धन्यवाद दिया की उनको आसरा दिया , सिर्फ सफाई व्यवस्था को लेकर थोड़ी नाराजगी जाहिर की । उनकी तकलीफ देखकर संस्था की महिलाओं का हृर्दय द्रवित हो गया। स्मृति खरे ने अनुरोध किया कि ईश्वर मनुष्य में ही बसता है हम सभी इंसानियत को न भूलें। सेवा रूपी कार्यक्रम में सचिन रजनी खरे कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेव पूजा सचदेव रानी जुनेजा एकता जुनेजा पिंकी जुनेजा मोनिका उमा जड़यिा ज्योति बग्गा राखी चोपड़ा नीतू राय आदि की उपस्थिति रही।

In The Court Of II Additional Judge To I Civil Judge Class-I, District Court,Damoh

Presiding Officer: सूश्री सुनीता रावत

(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक)

(MJC SUC/0000008/2024)

घूमन यादव ........................आवेदक Vs

शाखा प्रबंधक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया .....अनावेदक

TID-954/2024

Process Id- /2024

पेशी दिनांक :- 13/07 /2024

प्रेषिती-

(1) आम जनता पता-पता दमोह जिला दमोह

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक घूमन यादव पता ने मृतक माला यादव निवासी हररइ थाना तेजगढ जिला दमोह की संयुक्त खाते में जमा राशि 7,58,364/-राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 July 2024 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 July 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज तारीख 11 May 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सुनीता रावत

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड

मुद्रा न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश

जिला दमोह (म.प्र.)